सृजन

वार्षिक पत्र — हिन्दी विभाग, सेट बीडज़ कॉलेज, शिमला

संस्करण 2 वर्ष 2016

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 28 अगस्त से 3 सितम्बर तक कॉलेज में 'हिन्दी सप्ताह' का आयोजन किया गया था, जिसमें कविता लेखन, कविता पाठ, निबंध लेखन, मौके पर अभिनय, नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई थीं। इसके बाद 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' का आयोजन हुआ था, जिसमें छात्राओं में हिन्दी के प्रति रुचि दिखाई पड़ी। इस अवसर पर काव्य-पाठ, नाटिका, भाषण-प्रतियोगिता एवं नृत्य का आयोजन किया गया।

प्रियंका शर्मा
छात्र संपादिका

साक्षी मैहता
सह संपादिका

एक कविता हर माँ के नाम

घुटनों से रेंगते-रेंगते,
कब पैरों पर खड़ा हुआ।
तेरी ममता की छाँव में,
जाने कब बड़ा हुआ।
काला टीका दूध मलाई,
आज भी सब कुछ वैसा है
मैं ही मैं हूँ हर जगह,
प्यार ये तेरा कैसा है?
सीधा-साधा, भोला-भाला,
मैं ही सबसे अच्छा हूँ।
कितना भी हो जाऊँ बड़ा,
'माँ'! मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ।



– रिया शर्मा
बी.एस.सी.
छठा सत्र